मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-322
19/06/2020

प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में शामिल हुये जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार

पटना, 19 जून 2020 :– आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत–चीन सीमा के हालात पर चर्चा करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुये।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में सबसे पहले बैठक बुलाने के लिये प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और शामिल होने वाले सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चीन की हरकत पर पूरे देश में ऐसा माहौल है कि सभी लोग एकजुट हैं और इसका बदला लेना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने भारत–चीन सीमा पर स्थित गलवान घाटी में शहीद हुये सभी जवानों के प्रति अपने एवं अपनी पार्टी की तरफ से श्रद्धांजलि दी और कहा कि शहीद होने वाले 20 जवानों में से 5 जवान बिहार के थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी तरफ से शहीदों के सम्मान में उनके परिवार के लिये हरसंभव मदद कर रही है। पूरे देश में इस घटना से आक्रोश है। उन्होंने कहा कि ये देश की एकता एवं अखंडता का सवाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट है, इसमें राजनीतिक दलों के बीच कोई मतभेद नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने अपनी तरफ से हमेशा कोशिश की है कि चीन के साथ अच्छा संबंध हो। बचपन में वे हिन्दी–चीनी, भाई–भाई का नारा सुना करते थे किंतु चीन का रवैया भारत के प्रति अच्छा नहीं रहा है और उसे भारत से चिढ़ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चाई जो भी हो, आम अवधारणा यही है कि दुनिया में कोरोना वायरस वुहान के बॉयोलॉजिकल लैब से ही निकला और कुछ ऐसा हुआ कि वह पूरे विश्व में फैला। कोरोना वायरस नेचुरल नहीं है क्योंकि इसका तापमान, मौसम और क्षेत्र से कोई संबंध नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चीन से जो भी सामान अपने देश में आता है, उसके कारण पर्यावरण को भी संकट हो रहा है। खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक आइटम भारतीय बाजार में भारी संख्या में बिक रहे हैं। खिलौनों में प्लास्टिक का बहुत ज्यादा प्रयोग होता है। यह इको फ्रेंडली भी नहीं है, इससे पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा है। इलेक्ट्रॉनिक सामानों के कारण इलेक्ट्रॉनिक बेस्ट जेनरेट हो रहा है, जो पर्यावरण के लिये गंभीर संकट पैदा कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि चीन का उत्पाद टिकाऊ नहीं है। मूल्य कम होने की वजह से लोग इसे खरीद लेते हैं। उन्होंने कहा कि हमलोग बिना किसी कारण विवाद पैदा नहीं करते हैं। हमलोग चीनी उत्पाद की खरीददारी न करें, इसके लिये पूर्व के एग्रिमेंट पर भी विचार करने की जरूरत है। हमलोगों को स्वदेशी सामानों को बढ़ावा देना चाहिये, यह प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता सूची में भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश आगे बढ़े, इसके लिये हम सब एकजुट हैं। यदि चीन अपमानित कर रहा है तो इसे बर्दाश्त करने की जरूरत नहीं है। अगर चीन भारत के भू–भाग पर कब्जा करने के बारे में सोचता है तो यह उसके लिये असंभव है। हम सभी को एकजुट रहना

चाहिये। हम सभी दलों का कर्तव्य है कि एकजुट रहकर केन्द्र का समर्थन करें। प्रधानमंत्री जी को निर्णय लेना है। प्रधानमंत्री जो निर्णय लेंगे, हम सभी उनके साथ हैं।

वीडियो कांफ्रेंसिंग की शुरुआत में भारत–चीन सीमा पर स्थित गलवान घाटी में शहीद हुए जवानों के सम्मान में सभी लोगों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

******